# University in News on 15 May 2024

## i-NEXT PAGE 6

# बदल दी गई बीए आनर्स अंग्रेजी एग्जाम की डेट

### एलयू ने पीजी के कई विषयों की समय सारिणी भी जारी की



**LUCKNOW (14 MAY):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने 24 घंटे में ही बीए आनर्स अंग्रेजी के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कर दिया. अब यह परीक्षाएं 31 मई की जगह 5 जून से शुरू होंगी. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने मंगलवार को बीए आनर्स अंग्रेजी के संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के साथ पीजी के कई विषयों की समय सारिणी भी जारी कर दी है.

### किस दिन कौन सा एग्जाम

बीए आनर्स अंग्रेजी चौथे सेमेस्टर (एग्जेम्प्टेड) की परीक्षाएं अब पांच से 15 जून, छठे सेमेस्टर (एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट) की छह से 19 जून तक होंगी. एमए होम साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 16 जून, चौथे सेमेस्टर की सात से 14 जून तक होंगी. एमए हिंदी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए पांच से 19 जून, चौथे सेमेस्टर की छह से 20 जून, एम.ए डिफेंस स्टडीज दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 15 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 12 जून तक की तिथि तय की गई है. एमए एमजेएमसी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 15 जून और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 14 जून तक होंगी.

### प्रैक्टिकल एग्जाम 22 को

लखनऊ यूनिवर्सिटी के वाणिज्य विभाग ने मास्टर डिर्जटेशन एवं वायवा परीक्षा की तिथि तय कर दी है. परीक्षा 22 मई को होगी. विभाग के हेड प्रोफेसर राम मिलन ने बताया कि छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर सुबह 10.30 बजे अनिवार्य रूप से वाणिज्य विभाग में उपस्थित होना पड़ेगा.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 से

लखनऊ। लविवि के भौतिक विज्ञान विभाग ने मंगलवार को स्नातक के सम सेमेस्टरों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दीं। विद्यार्थी विभाग या विवि की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. एनके पांडेय ने बताया कि बीएससी दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 से 25 मई, चौथे सेमेस्टर की 18 से 21 जून और बीएससी छठे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 4 से 7 जून के बीच होंगी। वहीं 8 जून को माइनर प्रोजेक्ट का वाइवा होगा। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि में लगी कला प्रदर्शनी

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 'कलरव' की ओर से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विषय पर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें भाषा विज्ञान विभाग की शिक्षक डा. माधुरी काकोटी ने छात्र-छात्राओं को जलवायु परिवर्तन विषय पर बताते हुए देश के समकालीन मुद्दों के ओर ध्यान आकर्षित किया। छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### परास्नातक परीक्षाओं की तिथियां घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक की विषयवार परीक्षा तिथियों को निर्धारित किया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए डिफेंस स्टडीज के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 से 15 जून तक चलेगी। वहीं इसी विषय से जुड़ी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 3, 6, 8 और 12 जून को होगी। एमए होम साइंस के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 6, 8, 11, 13 और 15 को आयोजित की जाएगी। 12 और 14 जून को होमसाइंस के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न होगी। उधर एमए जर्नलिज्म की परीक्षाओं के आयोजन 5, 6, 7, 11, 13 और 15 को होंगे। बीए ऑनर्स के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 5 जून से शुरू होगी। एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का आयोजन 5 से 20 जून तक होगा।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 मई से शुरू होंगी। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो . एनके पाण्डे ने बताया कि 21 मई को बीएससी के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा होगी, जो 25 तक चलेगी। इसी तरह 18 से 21 जून तक बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन होगा। छठे सेमेस्टर की परीक्षा 4 से 7 जून तक चलेगी।